दिनांक–04.12.2019 (बुधवार) को प्राचार्य कक्ष में सम्पन्न हुई स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की बैठक की कार्यवाही :–

(क) कार्यसूची मद संख्या–01 :– प्राचार्य सह–अध्यक्ष स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा प्रस्तावित वार्षिक कैलेण्डर सत्र 2020–21 (अप्रैल, 2020 – मार्च, 2021) के सन्दर्भ में सदस्यों के सुझाव के आधार पर वार्षिक कैलेण्डर 2020 (जनवरी से दिसम्बर, 2020) तक निर्गत करने के सुझाव को सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई। साथ ही यह भी सुझाव हुआ कि वार्षिक कैलेण्डर के प्रकाशन में झारखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित–2020 के कैलेण्डर को भी ध्यान में अवश्य रखा जाय। प्राचार्य द्वारा सदस्यों को बताया गया कि उनका प्रस्ताव है कि आगामी वर्ष के कैलेण्डर में कार्यालय छुट्टी की व्यवस्था इस प्रकार हो कि जिस दिन शैक्षणिक गतिविधि संचालित रहें उस दिन कार्यालय भी खुली रहे; ऐसी व्यवस्था करने पर कुछेक राजपत्रित अथवा कार्यपालक अवकाश में कटौती होने की सम्भावना है। इस पर सभी सदस्यों का यह अभिमत हुआ कि चूँकि कार्यालय कर्मियों को कोई अतिरिक्त अवकाश देय नहीं है। अतएव, अगर मुफ्फसील अवकाश में कटौती की जाती है तो इसके बदले में उन्हें दीर्घावकाश में अनुपारित छुट्टी का प्रावधान किया जाय।

(ख) कार्यसूची मद संख्या–02 :– बैठक में उपस्थित प्रधान भंडारी द्वारा बताया गया कि विगत वर्ष पूर्व ही विद्यालय में खुली निविदा के माध्यम से इंटरकॉम (Intercom) अधिष्ठापन कराया गया है। मुख्य भंडारी द्वारा बताया गया कि इंटरकॉम (Intercom) का अधिष्ठापन M/s. K.B. Enterprises (मेसर्स के०बी०इंटरप्राईस), पटना द्वारा किया गया है। वर्तमान में कुछेक इंटरकॉम सुचारू रूप से संचालित नहीं है।

अतएव, M/s. K.B. Enterprises (मेसर्स के०बी०इंटरप्राईस), पटना से उनके प्रस्तावित AMC (Annual Maintenance Contract) सम्बंधित प्रपत्र के आधार पर AMC कराने की स्वीकृति दी गई।

(ग) कार्यसूची मद संख्या–03 :– बैठक में उपस्थित प्रधान भंडारी द्वारा बताया गया कि मेसर्स रविन्द्र कुमार जो विद्यालय में गाय दूध की आपूर्तिकर्त्ता है, ने गाय के दूध में प्रति लीटर 05 रूपये वृद्धि करने हेतु आवेदन दिया है, साथ ही झारखण्ड मिल्क फेडरेशन (Jharkhand Milk Federation Ltd.) के स्तर से मेधा दूध के दर में भी प्रति लीटर वृद्धि करने के फलस्वरूप मेधा दूध की आपूर्तिकर्त्ता ने भी प्रति लीटर 02 रूपये वृद्धि करने की मांग की है। समयक् विचारोपरांत मेधा दूध के दर में 02 रूपये प्रति लीटर सरकार के प्रभावी तिथि के अनुसार तथा गाय की दूध के दर में प्रति लीटर 02 रूपये जनवरी, 2020 से वृद्धि करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

सधन्यवाद, बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

04/12/19
(रौशन कुमार बक्शी)
प्रशासनिक पदाधिकारी
सदस्य
स्थानीय प्रबंधन समिति

4/12/19
(डॉ अमुरंजन झा)
सह–शिक्षक
सदस्य
स्थानीय प्रबंधन समिति

04/12/19
(विंध्याचल पाण्डेय)
सह–शिक्षक
सदस्य
स्थानीय प्रबंधन समिति

4/12/19
(संतोष कुमार सिंह)
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सह–अध्यक्ष
स्थानीय प्रबंधन समिति